**SET – 4**

**Series : GBM/C**

कोड नं.
**Code No.** **74**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **8** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **8** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# छापा-चित्रकला (सैद्धान्तिक)

# (भारतीय कला का इतिहास)

# GRAPHICS (Theory)

# (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : **2** hours* *Maximum Marks : **40***



collegedunia
India's largest Student Review Platform

*सामान्य निर्देश :*

(i) ***सभी आठ*** *प्रश्न अनिवार्य हैं, जिनके अंक* ***समान*** *हैं ।*

(ii) *प्रश्न संख्या* ***1*** *व* ***2*** *का प्रत्येक उत्तर लगभग* ***200*** *शब्दों में तथा प्रश्न संख्या* ***3, 4*** *व* ***5*** *का प्रत्येक उत्तर लगभग* ***100*** *शब्दों में लिखिए । प्रश्न संख्या* ***6, 7*** *व* ***8*** *वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं ।*

***General Instructions :***

(i) ***All*** *the* ***eight*** *questions are* ***compulsory****, which carry equal marks.*

(ii) *Answers be written for question nos.* ***1*** *and* ***2*** *in about* ***200*** *words each and for question nos.* ***3, 4*** *and* ***5*** *in about* ***100*** *words each. Question nos.* ***6, 7*** *and* ***8*** *are objective type.*

1. बंगाल चित्रशैली के उद्‌भव (जन्म/आविर्भाव) एवं विकास का वर्णन कीजिए । **5**

Describe the origin and development of the Bengal School of Painting.

2. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित निम्नलिखित समकालीन (आधुनिक) भारतीय छापा-चित्रों में से **किसी एक** का **सौंदर्य-विवेचन** यथाविधि इसके (अ) छापा-चित्रकार का नाम, (ब) माध्यम एवं तकनीक, (स) विषय-वस्तु तथा (द) संयोजन के आधार पर कीजिए :

(1) **भँवर (जलावर्त)**

(2) **बच्चे** **5**

Appreciate any of the following contemporary (modern) Indian graphic-prints included in your course of study, duly based on its (a) Name of the graphic-artist, (b) Medium & technique, (c) Subject-matter and (d) Composition :

(1) **Whirlpool**

(2) **Children**

3. निम्नलिखित लघु-चित्रों में से **किसी एक** में किन **मानवीय जीवन-मूल्यों** की अभिव्यक्ति हुई हैं ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए :

(1) **राजा अनिरूद्ध सिंह हाड़ा** (राजस्थानी शैली)

(2) **भरत राम की चरण-पादुकाओं की पूजा करते हुए** (पहाड़ी शैली) **5**

Which **human life – values** are expressed in **any** of the following miniature – paintings ? Explain in short :

(1) **Raja Aniruddha Singh Hara** (Rajasthani School)

(2) **Bharat Worshipping Charan Padukas of Rama** (Pahari School)



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

4. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित बंगाल शैली के **किसी एक** संबद्ध चित्र की पहचान कीजिए, जिसमें निम्नलिखित विशेषताएँ समाविष्ट हों, और उन्हें उस चित्र में तद्नुसार समझाइए :

(a) धूमिल रंगों के प्रयोग, धुँधली हलकी विस्तृत पृष्ठभूमि तथा किसी भी गहरी रेखा या तान की अनुपस्थिति के द्वारा रहस्यात्मक और सौम्य शैली का सृजन, जो एक सूक्ष्म (दिव्य) संसार का अनुभव प्रदान करता है ।

**अथवा**

(b) असाधारण रूप से लंबे अंगों वाली, क्रमशः पतली होती जाती अँगुलियों सहित दुबली मानवीय आकृतियों का अंकन, जो राजस्थानी, पहाड़ी और मुग़ल लघु-चित्रों के प्रभाव को दर्शाती हैं । इस प्रकार यूरोपीय यथार्थवाद को समाप्त कर दिया गया है । **5**

Identify **any** relevant painting of the Bengal School included in your course of study comprising of the following features and explain them in that painting accordingly :

(a) The creation of mystic and mellow style, by using gloomy colouring with diffused light background and absence of any dark line or tone, which provide the experience of the astral – world.

**OR**

(b) The delineation of attenuated human figures with extra elongated limbs and tapering fingers, which reflect the influence of the Rajasthani, Pahari and Mughal miniatures. Hence emphasis on the European realism is terminated.

5. निम्नलिखित लघु-चित्रों में से **किसी एक** की **विषय-वस्तु के निरूपण** में इसका चित्रकार कहाँ तक सफल रहा है ? सौंदर्य मापदण्डों के आधार पर अपने समुचित कारण दीजिए :

(1) **कबीर और रैदास** (मुग़ल शैली)

(2) **हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया** तथा **अमीर खुसरो** (दक्खिन शैली) **5**

How far has its painter been successful in **depicting the subject-matter** of **any** of the following miniature – paintings ? Give your appropriate reasons on the basis of the aesthetic parameters :

(1) **Kabir and Raidas** (Mughal School)

(2) **Hazrat Nizamuddin Auliya** and **Amir Khusro** (Deccan School)

6. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित मुग़ल शैली के **किन्हीं तीन** तथा दक्खिन शैली के **किन्हीं दो** लघु-चित्रों के **शीर्षक** बताइए । **5**

Mention the **titles** of **any three** miniature-paintings of the Mughal School **and two** of the Deccan School included in your course of study.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

7. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित राजस्थानी शैली के **किन्हीं तीन तथा** पहाड़ी चित्रशैली के **किन्हीं दो** लघु–चित्रों के **शीर्षक** बताइए, जो आपकी दृष्टि में महत्त्वपूर्ण हैं। **5**

Mention the **titles** of **any three** miniature-paintings of the Rajasthani School **and two** of the Pahari School included in your course of study, which are important in your view.

8. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित समकालीन (आधुनिक) भारतीय कला के **किन्हीं तीन छापा–चित्रों, एक चित्र तथा एक मूर्ति–शिल्प** के **शीर्षक** बताइए। **5**

Mention the **titles** of **any three graphic-prints, a painting and a sculpture** of the contemporary (modern) Indian Art included in your course of study.

---

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform